रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी हां।

(ख) कार्य शुरू करने के लिए प्रारंभिक व्यवस्था पहले से ही की जा रही है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

एन०एच०—32 पर चाण्डोल में उपरि-पुल का निर्माण

2250. **श्री ज्ञान रंजन**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एन०एच०—32 टाटा पुरूलिया पर चाण्डोल के सामने रेलवे उपरि-पुल न होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग जाती है तथा प्रायः बस दुर्घटनाएं होती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर उपरि-पुल बनाने का विचार रखती है, तथा कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Survey of New BG Lines between Kolayat-Phalodi and Nagaur-Phalodi

2251. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Northern Railway Survey Organisation has under-taken any survey of New Broad Gauge lines from (i) Kolayat to Phalodi and (ii) from Nagaur to Phalodi, till date;

(b) if so, when the survey report was submitted to the Railway Board;

(c) whether Government propose to sanction the above mentioned schemes in Rajasthan during 1997-98; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) to (d) Surveys for new lines for Kolayat-Phalodi and Nagaur Phalodi have been taken up. Further consideration of the projects would be possible once the survey reports become available.

मध्य प्रदेश में नई रेल लाइनों का सर्वेक्षण

2252. **श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश में नई रेल लाइन बिछाने के लिए गत वर्ष कोई सर्वेक्षण कराया गया था;

(ख) क्या सरकार को राज्य सरकार की ओर से भोपाल मंडल के नरसिंहगढ़ को रेल सेवा के अंतर्गत शामिल करने हेतु अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके प्रति सरकार की क्या प्रतिक्रिया है तथा इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है;

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या अंतिम निर्णय लिया गया है; और

(ङ) नरसिंहगढ़ में नई रेल लाइन कब तक आरंभ हो जायेगी?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

"अपना वैगन योजना" (ओन योर वैगन स्कीम) की सफलता

2253. **श्री राघवजी**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1995-96 तथा 1996-97 में "अपना वैगन योजना" के अंतर्गत वैगनों के कितने आर्डर प्राप्त किये गये;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कितने वैगनों की मांग की गई; और

(ग) क्या यह योजना सफल रही है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) अपना वैगन योजना के अंतर्गत 1995-96 और 1996-97 (जनवरी'97) के दौरान चौपहियों के हिसाब से क्रमशः 4573 और 6527 माल डिब्बे प्राप्त किए गए थे।